श्री संजीव मित्तल
Shri Sanjiv Mittal

रक्षा लेखा महानियंत्रक
उलान बटार रोड,
दिल्ली छावनी
Controller General of Defence Accounts
Ulan Batar Road,
Delhi Cantt.

MESSAGE

मुझे रक्षा लेखा विभाग के सभी सदस्यों को प्रत्येक वर्ष एक अक्टूबर को मनाए जाने वाले हमारे वार्षिक दिवस के सुअवसर पर बधाई देते हुए अपार हर्ष हो रहा है।

रक्षा लेखा विभाग उन विभागों में से एक है जिन्होंने अपनी गतिविधियों के लिए कंप्यूटरीकरण अपनाने में आरंभिक पहल लेकर नई परंपरा की नींव रखी। विभाग ने इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने तथा वेतन, पेंशन, लेखांकन एवं वित्तीय सलाह में वितरण तंत्र में और तीव्रता लाने के लिए, प्रौदयोगिकी का निरंतर सफल प्रयोग किया है। यह सरकार के घोषित लक्ष्य - सबका डिजिटल समावेश, सबका डिजिटल विकास एवं सबका डिजिटल विश्वास के अनुरुप है।

रक्षा लेखा विभाग जैसा संगठन अपने सभी सदस्यों के उर्जावान एवं सामूहिक प्रयासों से ही पोषित हो सकता है। मैं इस अवसर पर विभाग को आगे ले जाने के लिए आप सभी दवारा किए जा रहे अथक प्रयासों की सराहना करता हूँ।

रक्षा प्रतिष्ठानों को गुणवत्ता सेवायें प्रदान करने के हमारे विभाग के कर्तव्य का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए रक्षा लेखा परिवार के साथ मैं स्वयं को राष्ट्र के प्रति पुनः समर्पित करता हूँ

स्थान : नई दिल्ली
दिनाकं : सितंबर, 2019

(संजीव मित्तल)
रक्षा लेखा महानियंत्रक